तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

4

कायाकल्प का दर्द : रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर नलों से गायब पानी, यात्रियों की बढ़ी परेशानी





## खबर संक्षेप



### मिडिल स्कूल से चावल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जोबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नगोई में चोरी की वारदात को पुलिस ने तत्परता से सुलझा लिया है। प्रधान पाठक हेमंत कुमार चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 सितंबर की सुबह जब वे विद्यालय पहुंचे तो स्कूल भवन के दो कमरों के ताले टूटे मिले। प्रधान पाठक कक्ष और अतिरिक्त कक्ष में रखी चार बोरी चावल में से दो बोरी गायब थीं। तलाश के दौरान एक बोरी पास ही दीवान किनारे पड़ी मिली, जबकि लगभग 50 किलो वजन की एक बोरी जिसकी कीमत करीब 700 रुपये थी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। ऐसे में पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। मुखबिर की सूचना पर रविवार को आरोपी आत्मजीत राठिया पिता जगसिंह 43 वर्ष निवासी नगोई को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे का टांगिया और 50 किलो चावल से भरी जूट की बोरी जिसकी कुल कीमत लगभग 1550 रुपये आंकी गई, पुलिस ने बरामद की है। आरोपी आत्मजीत राठिया को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### कमला नेहरू पार्क में सुबह-सुबह जुम्बा डांस

**रायगढ़।** शहर में अग्र कुलदेव महाराजा अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती अग्रसेन आयोजन समिति की अभिनव पहल से मनाई जा रही है। तीसरे दिन सुबह 6 बजे कमला नेहरू पार्क में आयोजित जुम्बा फिटनेस कार्यक्रम में अग्र समाज के सभी उम्र के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। जुंबा डांस के प्रभारी शिव बापोड़िया और आयुष मोदी के मार्गदर्शन में चार ग्रुप जुंबा क्रिव, जुंबा क्वींस, एनर्जी एक्सप्रेस, स्वेग शेकर्स के 16 प्रतिभागियों ने देशभक्ति और बॉलीवुड गीतों पर थिरकते हुए कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक सुनील अग्रवाल लेंध्रा, कमल अग्रवाल और प्रखर वक्ता मुकेश गोयल की उपस्थिति में किया गया। प्लेइंग चैलेंज और जुंबा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार स्वेग शेकर्स, द्वितीय एनर्जी एक्सप्रेस और तृतीय जुंबा क्वींस व जुंबा क्रिव को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगामी 16 सितंबर को शाम 6 बजे महाआरती आयोजित होगी, जिसमें अग्र समाज के लोग श्रद्धा के साथ शामिल होकर पुण्य प्राप्त करेंगे। इसके अलावा, मिनी स्टेडियम में अग्रसेन प्रीमियर लीग के तहत क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले मैच में टीम एआरसी ने श्यम राइडर्स को 35 रन से हराया। इसके साथ ही रेड क्वीन और अन्य स्थानों पर एयर रायफल, मटका फोड़, हुला-हूप, खो-खो जैसी छह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग परिवार सहित भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं। 15 सितंबर को मिनी स्टेडियम में 100 मीटर दौड़, धीमी स्कूटी और भाला फेंक प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### सर्व धर्म शास्त्रों में शिरोमणि है गीता

**खरौद।** लक्ष्मणेश्वर मंदिर प्रांगण में ब्रह्माकुमारीज ओम शांति भवन खरौद नगर जरहापारा के द्वारा सच्ची गीता सार सुखद जीवन का आधार श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान के आध्यात्मिक रहस्य द्वारा खुशहाल जीवन सप्ताह यज्ञ के प्रथम दिन ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने गीतासार महात्म में कहा कि श्रीमद् भगवत गीता सर्व शास्त्रों में शिरोमणि है। यह केवल हिंदू धर्म का शास्त्र नहीं अपितु समस्त मानव जाति का शास्त्र है इसलिए संपूर्ण गीता में कभी भी कहीं पर भी हिंदू शब्द नहीं आया है गीता ही एकमात्र शास्त्र है जिसका सबसे अधिक भाषाओं में अनुवाद हुआ है ।

## दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस ने किए लाख जतन, रिजल्ट फिर भी जीरो

# हर साल घट रहे ब्लैक स्पॉट पर सड़क हादसों में नहीं आ रही कमी, 9 माह में 260 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हरिभूमि पड़ताल

जिले में लगभग हर साल ब्लैक स्पॉट की संख्या घटती जा रही है, लेकिन सड़क हादसे व मौत के आंकड़ें वहीं पर बरकरार हैं। बीते कुछ सालों में दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस ने लाख जतन किए लेकिन लोगों में अवेयरनेस के साथ ट्रैफिक सेंस नहीं होने के कारण उसका बेहतर रिजल्ट नहीं मिल सका है।

जिले में पिछले साल 16 ब्लैक स्पॉट (डेंजर जोन) चिन्हांकित किए गए थे, जोकि इस साल घटकर 14 हो गए हैं लेकिन इसके बाद भी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौत के आंकड़ों में खास प्रभाव नहीं पड़ा है। 2024 में जहां सड़क दुर्घटनाओं में 362 लोगों की मौत हुई थी और 656 लोग घायल हुए थे तो वहीं इस साल के 9 माह में दुर्घटनाओं में 260 लोगों को अपनी जान गवांनी पड़ी है, वहीं 379 लोग घायल हुए हैं। जबकि इसी साल के तीन माह के आंकड़े अभी जारी होना बाकी है। पुलिस के लाख प्रयास के बाद भी आखिर दुर्घटनाओं में कमीं क्यों नहीं आ रही है, यह सबसे बड़ा सवाल है। ब्लैक स्पॉट की संख्या कम करने के लिए यातायात विभाग द्वारा पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों के सहयोग से नेशनल हाइवे व स्टेट हाइवे के कई मार्गों में पेचिंग कार्य करवाया गया। कुछ जगहों पर सड़क किनारे स्थित पेड़ों को हटाया गया ताकि यात्रा के दौरान चालक को रोड पूरी तरह से दिखाई दे। कुछ मार्गों में संकेत और नाईट विजन के लिए रिफलेक्टर व कैट आई भी लगवाया गया। इस प्रकार यातायात विभाग द्वारा मेहनत कर ब्लैक स्पॉट को 14 पर ला दिया है लेकिन सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा देखने पर स्थिति वही नजर आ रही है।



**सड़क दुर्घटना के आंकड़े**

| साल | मौत | घायल |
|---|---|---|
| 2023 | 353 | 648 |
| 2024 | 362 | 656 |
| 2025 | 260 | 379 |

### जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट

जिले में अलग अलग थानाक्षेत्रों में ब्लैकस्पाट चिन्हांकित किए गए हैं। जिनमें छातामुरा, पटेलपाली, कोडातराई, उर्दना तिराहा, जोरापाली, कांशीचुआ, मुराचौक, नावापारा चौक, कुनकुनी, सिसरिंगा घाटी, कंचनपुर, दर्रीपारा, फगुरम और देवगढ में दुर्घटना ज्यादा होते हैं। लिहाजा पुलिस ने सभी जगहों को ब्लैकस्पाट घोषित किया है।

दुर्घटनाओं में कमी इसलिए नहीं आ रही है, क्योंकि लोग ही जागरूक नहीं हो रहे हैं। शराब सेवन कर वाहन चलाना, ओवर स्पीड, बेवजह ओवरटेक ही दुर्घटना के कारण बनते हैं।

**उत्तम प्रताप सिंह, ट्रैफिक डीएसपी**

### सहायक मार्गों पर बनाए गए स्पीड ब्रेकर

जिले के कई सहायक मार्ग जोकि मुख्य मार्गों से जुड़ते हैं, उनमें भी स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, ताकि दुर्घटनाएं न हो। क्योंकि बिना स्पीड ब्रेकर के लोग तेजी से सहायक मार्गों में गाड़ी चलाते हुए मुख्य मार्ग पर प्रवेश करते हैं। जिससे मुख्य मार्गों में आवागमन करने वाले वाहन चालक अनियंत्रित हो जाते हैं और दुर्घटनाएं होती है।

### हादसों में इसलिए नहीं आ रही कमी

जिले की ज्यादातर सड़कें जर्जर हैं। कई बार लोग शराब के नशे में ओवर स्पीड वाहन चलाते हैं। भारी वाहनों को ओवरटेक करने के दौरान थोड़ी सी चूक उनके मौत का कारण बन जाती है। जबकि कई बार भारी वाहन के चालकों को पता ही नहीं चल पाता कि उसके पीछे के पहियों में दब कर किसी की मौत हो गई है।

### चार साल में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में 99 की मौत

यातायात विभाग द्वारा चिन्हांकित ब्लॅक स्पॉट में चार साल में 99 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 11 लोग घायल हो चुके हैं। वर्ष 2022 में इन स्थानों में 23, वर्ष 2023 में 44, वर्ष 2024 में 22 व वर्ष 2025 में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।

## हाफ मर्डर के गिरफ्तार आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के छाल थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की गंभीर घटना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रार्थी सुमित राठौर पिता प्रेमशंकर राठौर (26) बांकीमोंगरा, जिला कोरबा का रहने वाला है। वर्तमान में वह ग्राम बोजिया में किराए के मकान मे रहता है और इनमोबिल कंपनी हैदराबाद में सुपरवाइजर है और बरभौना स्थित बालाजी ऑफिस का कार्य देखता है। 11 सितंबर की शाम वह अपने टीम लीडर सुनील श्रीवास के साथ मोटरसाइकिल से नावापारा जा रहा था। रास्ते में गडाईनबहरी शराब भट्ठी के पास लघुशंका के लिए रुके, तभी वहां मौजूद खुलेश्वर राठिया उर्फ फुलेश्वर ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए उनके मोटरसाइकिल में रखे फावड़े से सुनील के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। घायल सुनील को तत्काल छाल अस्पताल ले जाया गयाए जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर थाना छाल में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी खुलेश्वर राठिया उर्फ फुलेश्वर पिता युवराज राठिया 21 वर्ष निवासी गडाईनबहरी को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त फावड़ा और मोटरसाइकिल को जप्त किया है। वहीं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में बम्हनीडीह प्रथम

**चांपा।** स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में विगत 10 सितम्बर को जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (कबड्डी) अंडर-17, बालक/ बालिका वर्ग) का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। समापन समारोह में लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी मुख्य अतिथि तथा लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले के पांच विकासखण्डों के खण्ड प्रभारी भी शामिल हुए। स्पर्धा में बालिका वर्ग में बम्हनीडीह विकासखण्ड ने प्रथम स्थान तथा बालक वर्ग में नवागढ़ विकासखण्ड ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## सरिया में रक्तदान शिविर 260 ने दिया जीवनदान

**सरिया।** रक्तदान महादान है। इसी भावना के साथ सरिया में आयोजित सातवें विशाल रक्तदान शिविर में 260 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। रक्तवीर परिवार सरिया द्वारा आयोजित इस शिविर में विशेष आकर्षण तब हुआ, जब सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

एसपी वाष्णेय ने कहा कि किसी की धड़कन रुकने से पहले अगर हम उसका सहारा बन सकें तो इससे बड़ा धर्म और सेवा कोई नहीं। रक्त की एक-एक बूंद किसी की सांसों की डोर थाम सकती है। इस मौके पर ग्राम लिप्ती के दिव्यांग युवक सुमंत निषाद ने भी रक्तदान कर समाज को संदेश दिया कि मजबूत इरादे से कोई भी कार्य असंभव नहीं। उनकी इस पहल की सभी ने सराहना की। शिविर में महिलाओं ने भी उत्साह से रक्तदान किया। श्रीमती स्मृति उदय मालाकार ने कहा कि रक्तदान कमजोरी नहीं लाता, बल्कि शरीर को और अधिक स्वस्थ बनाता है। कार्यक्रम में रक्तवीर परिवार के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाता है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भ्रांतियों को तोड़कर रक्तदान को जन आंदोलन बनाएं। इस शिविर में जुटाए गए 260 यूनिट रक्त को लक्ष्य ब्लड बैंक और सेवा ब्लड बैंक रायगढ़ में जमा कराया गया। यह रक्त जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लड बैंक के संस्थापक विमल अग्रवाल, डॉ. सोनल केडिया, नगर पंचायत सरिया के पूर्व अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, उपाध्यक्ष अरुण शराप सहित कई जनप्रतिनिधि और डॉक्टर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने रक्तवीर परिवार को साधुवाद देते हुए समाज सेवा में उनकी भूमिका की सराहना की।




### सेवा पखवाड़ा को लेकर सुपा मंडल में कार्यशाला

**सुपा।** भाजपा द्वारा पीएम मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ किए जाने वाले सेवा पखवाड़ा को लेकर सुपा मंडल में आयोजित कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इसकी भूमिका और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता लोचन प्रसाद पटेल (कार्यक्रम प्रभारी) एवं प्रदीप पटेल रहे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक सेवा कार्यों को पहुंचाना है और आमजन को भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। लोचन प्रसाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा राजनीति के माध्यम से सेवा को प्राथमिकता दी है। इस वर्ष सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान 14 प्रकार के सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षरोपण, रक्तदान शिविर और जनजागरण कार्यक्रम शामिल हैं।

## बंजारी धाम तराईमाल में नवरात्र उत्सव की तैयारियां जोरों से शुरू

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। इस वर्ष यहाँ 70वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन का आयोजन होगा। शनिवार को एसडीएम घरघोड़ा दुर्गा प्रसाद अधिकारी की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें मंदिर समिति सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, औद्योगिक प्रतिनिधि, दानदाता और सेवकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि नवरात्र पर्व के दौरान 21 सितंबर को विशाल कलश यात्रा, 22 सितंबर से नवरात्रि दीप प्रज्वलन, तथा 1 अक्टूबर को महानवमी हवन, कन्या भोज और महाभंडारा आयोजित होगा। प्रतिदिन प्रसाद वितरण, दोपहर और रात्रि भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि "समिति सदस्य और सेवकगण श्रद्धा-भक्ति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि नवरात्र पर्व भव्य और निर्विघ्न रूप से संपन्न हो।



### व्यवस्थाओं का बटवारा

बैठक में रंगरोगन, साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, सीसीटीवी, भोजन-भंडारा, प्रसाद, यजमान-पंडित, कलश नंबरिंग, प्रकाश व्यवस्था, जल प्रबंधन और अन्य तैयारियों पर चर्चा हुई। औद्योगिक संस्थानों तथा स्थानीय संगठनों ने भंडारे, प्रसाद और सजावट की जिम्मेदारियाँ लीं। नवरात्र पर्व के दौरान श्रद्धालु माँ बंजारी धाम में देवी-देवताओं के दर्शन के साथ ही श्रीराम दरबार, राधाकृष्ण, लक्ष्मीनारायण, शिव एवं हनुमान मंदिर के दर्शन का लाभ उठा सकेंगे। ध्वजारोहण, विशेष आरती, अखंड यज्ञ, ज्वारा पूजन और भंडारे का आयोजन प्रतिदिन होगा।

## अघोरेश्वर सेवा में प्रेरणा का प्रतीक : बाबा प्रियदर्शी

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के पीठाधीश्वर पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम ने अघोरेश्वर भगवान राम के अवतरण दिवस पर आशीर्वचन देते हुए उनके जीवन और सेवा की महिमा को विस्तार से साझा किया।

बाबा ने बताया कि बाल्यकाल में ही घर छोड़कर कठोर साधना करने वाले अघोरेश्वर ने नश्वर संसार के दुखों का अनुभव कर ऐसा मार्ग प्रशस्त किया कि आने वाली पीढ़ी दुखों के भवसागर को सहजता से पार कर सके। बाबा प्रियदर्शी राम ने कहा कि अघोरेश्वर ने यौवनकाल में कठोर तपस्या के जरिए आत्मज्ञान प्राप्त कर समाज के उपेक्षित, शोषित और वंचित लोगों की सेवा का मार्ग तैयार किया। श्मशान और कुष्ठ रोगियों के प्रति उनके दृष्टिकोण ने समाज में नए आदर्श स्थापित किए। उस समय जब कुष्ठ रोगियों को समाज में निष्कासित किया जाता था,




अघोरेश्वर ने उन्हें गले लगाकर संदेश दिया कि रोगी से नहीं, रोग से घृणा करनी चाहिए। अघोरेश्वर ने घर से निष्कासित कुष्ठ रोगियों के लिए पृथक आश्रम स्थापित कर फकीरी पद्धति से उनका इलाज किया। इस पहल ने समाज में सेवा की उच्च कीर्तिमान स्थापित किया और अघोर पंथ और मानव समाज के बीच सेतु का निर्माण किया।

## धरमजयगढ़ में बदमाशों ने लूटे ढाई लाख, आरोपी की तालाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार शाम लूट की एक बड़ी वारदात सामने आई है। एम.एम. फिश कंपनी के वाहन चालक मोहम्मद रफीक से तीन अज्ञात बदमाशों ने करीब 2 लाख 57 हजार 660 रुपये की रकम लूट ली। इस घटना से छेत्र में सनसनी फैला दी है। मिली जानकारी के अनुसार चालक मोहम्मद रफीक मछली कलेक्शन का काम कर शनिवार को बिलासपुर लौट रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उसकी गाड़ी को रोक लिया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने हथियार का भय दिखाते हुए नकदी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से अपनी एक्टिवा स्कूटी वहीं छोड़ दी और जंगल की ओर भाग निकले। खास बात यह है कि आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए स्कूटी की नंबर प्लेट को पहले ही ढक रखा था। इस घटना की खबर मिलते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर धरमजयगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से स्कूटी जब्त कर ली है और बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाकों में सुरु कर दी है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से जिले में आपराधिक घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है।





## धरमजयगढ़ वन मंडल का मामला, नुकसानी के आंकलन में जुटा विभाग

# हाथियों ने किसानों की टमाटर और धान की फसलों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार की रात हाथियों ने धरमजयगढ़ वन मंडल में जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के दल ने 32 किसानों की टमाटर और धान की फसल को रौंदकर खराब कर दिया और एक मकान को भी ढहा दिया। एक युवक हाथी के पैर के नीचे आने से बाल-बाल बचा।

रायगढ़ जिले के 2 वन मंडल में 170 हाथियों का दल मौजूद है। जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 153 हाथी हैं। रायगढ़ वन मंडल में 17 हाथियों की मौजूदगी है। इन दलों में नर 49, मादा 73 और शावकों की संख्या 48 है। कुछ हाथियों का दल कापू रेंज के जंगल से निकलकर सरगुजा वन मंडल में चले गया है। धरमजयगढ़ वन मंडल में बीती रात हाथियों का दल जंगल से निकलकर खेतों तक पहुंचा। जहां लैलूंगा वन परिक्षेत्र के सागरपाली गांव में 6 किसानों के धान की फसल को रौंदकर खराब कर दिया। वहीं हाथी के पैर के नीचे आने से एक ग्रामीण बाल-बाल बच गया। हाथियों ने बाकरूमा रेंज के रैरूमा में 5 किसानों की टमाटर और धान की फसल को चौपट कर दिया। एक मकान की दीवार को ढहा दिया। छाल के लोटान में 1 और पुरूंगा में 3 किसानों की फसल को नुकसान किया। बोरो रेंज के चाल्हा में 1, घोंचल में 5, धरमजयगढ़ के आमापाली में 1 और मेढरमार में 6 किसानों की फसलों को रौंदा है। इसके अलावा रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज के डेहरीडीह में विचरण कर रहा 48 हाथियों का दल 4 किसानों की फसल को नुकसान कर छाल रेंज की ओर चला गया।



### हाथी मित्र दल और वनकर्मियों ने बचाई जान

बीती रात हाथी मित्र दल और वनकर्मियों को सूचना मिली कि 48 हाथियों का दल घरघोड़ा परिक्षेत्र की ओर से देउरमार की ओर आ रहा है। जिसके बाद गश्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची। ग्राम देउरमार में ग्रामीणों की भीड़ शोर मचाकर हाथियों को जंगल की तरफ भगाने का प्रयास कर रही थी। तभी एक हाथी उग्र होते हुए वापस मुड़कर ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा। इसी भागदौड़ में पवन कुमार राठिया (21) जमीन पर गिर गया। हाथी उसके पास पहुंचने ही वाला था कि गश्त टीम ने हूटर बजाकर हाथी को भगाया। जिससे पवन बाल-बाल बच गया। इसके बाद युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### गांव में कराई गई मुनादी

वन विभाग की मानें तो फसलों के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। रात में झगरपुर रोड पर हाथी का दल आ गया था। दोनों ओर से आने-जाने वाले लोगों को रोककर हाथियों का रोड क्रॉस कराया गया। हाथियों की मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। प्रभावित गांवों में मुनादी करा दी गई है।

### स्कूलों में नेत्र जांच पखवाड़ा शिविर

**सक्ती।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों की नेत्र सुरक्षा के लिए स्कूलो में नेत्र जांच पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन और देखरेख में शनिवार को जिले के चार प्रमुख विद्यालयों में शिविर आयोजित हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसेरपारा (सक्ती), प्राथमिक शाला देवरी, प्राथमिक शाला सोठी और शासकीय पूर्व माध्य शाला मालखरौदा में विशेषज्ञ टीम और प्रबंधन स्वास्थ्य विभाग की विशेष नेत्र परीक्षण इकाई, नेत्र सहायक अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारियों ने मिलकर शिविर का आयोजन किया। हर विद्यालय में बच्चों की दृष्टि तीक्ष्णता, रंग पहचान और निकट-दृष्टि, दूर-दृष्टि दोष का परीक्षण आधुनिक उपकरणों से किया गया।

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती समारोह में हुई सांस्कृतिक स्पर्धाएं

**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ की रजत जयंती समारोह के चौथे दिन लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति, छत्तीसगढ़ी कविता वाचन, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत नाचा, जस गीत एवं छत्तीसगढ़ी नाटक की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने अपनी छत्तीसगढ़ी बोली और पारंपरिक वेशभूषा से प्रदेश की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति हमारी पहचान है। रजत जयंती जैसे अवसर हमें अपनी जड़ों और परंपराओं को याद करने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर देते है। कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता सुश्री रेणुका दीवान एवं सुश्री शालिनी कुजूर ने किया। लोकोक्ति प्रतियोगिता में प्रथम करिश्मा यादव, द्वितीय राजमती, तृतीय आयुष सिंह, कविता वाचन में प्रथम चांदमुनी, द्वितीय सूर्यज्योति, लोकगीत में प्रथम इंद्रावती, लोकगीत नृत्य एकल में प्रथम मनीता एवं रजनी, द्वितीय रीना, लोकनृत्य में प्रथम रेणुका एवं समूह द्वितीय, मनीता एवं समूह तथा तृतीय स्थान पूजा एवं समूह तथा नाटक प्रतियोगिता में प्रथम एक एवं साथी रहे। इस दौरान डॉ.बलराम साहू, अशोक एक्का, बेनी प्रसाद डेहरिया, शिवम पटेल, कमलेश धीरहे, डॉ.अनुराधा गुप्ता, डॉ.सुनील राम, सूरज वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सेना में भर्ती के प्रति मेजर ने किया छात्रों को जागरूक

**सीतापुर।** सैनिक के रूप में देश की सेवा का सपना संजोने वाले स्कूली छात्रों को सेना में भर्ती के प्रति जागरूक किया गया। सेना के मेजर रूबेश कुमार ने कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सभाकक्ष में सीतापुर एवं मैनपाट के 11वी 12वी के छात्र-छात्राओं को सेना में भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है और देश की जिम्मेदारी है युवाओं के कंधे पर है। हमारे देश के पढ़े लिखे युवा आज रोजगार की तलाश में यहां वहा भटक रहे है। ऐसे युवाओं के लिए सेना की नौकरी में असीम संभावनाएं है। वे सेना में नौकरी पाकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते है। इस दौरान सेना के हवलदार सवर्ण सिंह, एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी, करुणेश श्रीवास्तव, बीआरसी रमेश सिंह, एबीईओ अनिल मिश्रा, जोलसन बड़ा,अनिलेश तिवारी, सुशील मिश्र, संतोष सिंह, पुष्पेंद्र गुप्ता, चमरू पैकरा, अजय गुप्ता, कमलेश सेंगर, मिथिलेश रत्नाकर, सूर्यकांत ठाकुर, पंकज गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### किसानों को दी मधुमक्खी पालन की जानकारी

**अम्बिकापुर।** कृषि विज्ञान केंद्र प्रांगण में मधुमक्खी पालन पर कृषकों को सात दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल बीकीपिंग एवं हनी मिशन के तहत दिया जा रहा है। शुक्रवार को प्रतिभागियों को प्रायोगिक कार्य हेतु राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण कराया गया उन्हें मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान कराने के साथ ही बरते जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। कृषकों को मधु प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण कराया गया इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.संदीप शर्मा, कृषि महाविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ.सचिन जायसवाल, प्रशिक्षण प्रभारी सूर्य प्रकाश गुप्ता उपस्थित थे।

### एलुमनी मीट में हुई कॉलेज के विकास पर चर्चा

**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव पर एलुमिनी मीट आयोजित कर महाविद्यालय के विकास के संबंध में विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का परिचय देकर स्वागत किया गया तथा उनसे महाविद्यालय के विकास के संबंध में सुझाव मांगा गया। पूर्व विद्यार्थियों ने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभिन्न विकास कार्य करने की बात कही। नैक प्रभारी डॉ.भूपेन्द्र कुमार सेन ने एलुमिनी सदस्यों की महाविद्यालय विकास में भूमिका के बारे में बताया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने एलुमिनी एसोसिएशन का पंजीयन कराने का सुझाव दिया।

## मुख्यमंत्री ने जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति का किया शुभारंभ

# जशपुर प्रकृति और संस्कृति का है संगमः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- जशपुर जम्बूरी के जरिए जशपुर को पर्यटन के क्षेत्र मिल रही नई पहचान
- जशपुर जम्बूरी के नए सीजन का आयोजन 6 से 9 नवंबर तक

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में पर्यटन एवं कृषि क्रांति का शुभारंभ किया। जशपुर पर्यटन एवं कृषि क्रांति इको टूरिज्म और होमस्टे से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम जशपुर के स्व सहायता समूह और किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के श्री अर्जुन मुंडा,सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय जशपुर विधायक रायमुनि भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय कलेक्टर रोहित व्यास एस एस पी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय जशपुर में कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले में पर्यटन के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्व सहायता समूह और युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दायित्वों और जिम्मेदारियों की वजह से अब ज्यादातर समय मुझे जशपुर से बाहर रहना पड़ता है लेकिन जशपुर निरंतर आता रहूंगा और विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मैंने जशपुर जम्बूरी के जरिए जशपुर को पर्यटन के नक्शे पर नयी पहचान दिलाने की पहल की। साल 2024 में हुए जशपुर जम्बूरी में हमारे पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेने और उस अवसर का गवाह बनने पहुँचे थे। जशपुर जम्बूरी में हमने न सिर्फ ईको-टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट के लिए लोगों ने नया ठिकाना दिया, बल्कि जनजातीय परम्पराओं से भी रूबरू कराया। सीएम श्री साय ने कहा कि सांस्कृतिक प्रदर्शन, स्थानीय व्यंजनों का मेला और जनजातीय नृत्यों ने पर्यटकों को आकर्षित किया, जिससे स्थानीय कारीगरों और गाइड्स को रोजगार मिला। अब एक बार फिर जशपुर जम्बूरी के नए सीजन का आयोजन हम करने जा रहे हैं। जिसमें आगामी 6 से 9 नवम्बर तक देश, दुनिया के लोग यहाँ पहुँचकर रोमांच, कला और सामुदायिक अनुभवों से परिचित हो पाएँगे। हमारी मिट्टी की खुशबू को जीवंत करने के लिए कर्मा, सरहुल जैसे जनजातीय नृत्य के साथ गोदना कला, काष्ट शिल्प और लौह शिल्प जैसे हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोकनाट्य पर आधारित सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इससे न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार होगा, बल्कि स्थानीय कला और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान भी मिलेगी। जशपुर जम्बूरी एक ऐसा उत्सव है जो प्रकृति, संस्कृति और विकास को एक सूत्र में पिरोता है। यह आयोजन जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय विरासत और आधुनिक विकास को एक साथ पेश करता है। जशपुर जंबूरी केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम है।





### रोमांच, संस्कृति और समुदाय का उत्सव

कार्यकम में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक गोमती साय जशपुर विधायक रायमुनि भगत जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने भी संबोधित किया और जशपुर के विकास , पर्यटन के क्षेत्र और कृषि क्रांति की विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर रोहित व्यास ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जशपुर जम्बूरी जशपुर की वादियों और झरनों के बीच हर साल एक ऐसा उत्सव मनाया जाता है, जो केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि इस जिले की आत्मा का अनुभव है। जशपुर जम्बूरी ने 2024 में अपनी शानदार शुरुआत की और अब 2025 में एक और भव्य रूप में लौट रहा है।

### जशपुर जम्बूरी 2024 एक सफल शुरुआत

वर्ष 2024 में आयोजित जशपुर जम्बूरी ने रोमांच, संस्कृति और समुदाय का ऐसा संगम पेश किया जिसने देशभर से प्रतिभागियों को आकर्षित किया। झारखंड, ओडिशा, रायपुर और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आए लोगों ने इस उत्सव में हिस्सा लिया।प्रतिभागियों ने रानी दह, टी गार्डन और जशपुर संग्रहालय जैसे स्थलों की सैर कर इतिहास और संस्कृति को करीब से महसूस किया।फ़ूड लैब ने स्थानीय व्यंजनों को आधुनिक रूप में प्रस्तुत कर सबका दिल जीता। सरहुल और कर्मा नृत्य की प्रस्तुतियों ने जनजातीय परंपराओं की गहराई दिखाई।चार दिन रोमांचक गतिविधियों, सांस्कृतिक रंग और सामुदायिक मेलजोल के नाम रहे।इस आयोजन ने जशपुर को ईको-टूरिज़्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स का नया गंतव्य बना दिया।

### 2025 नए अनुभवों की ओर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने बताया कि जशपुर जम्बूरी यह उत्सव और बड़े स्वरूप में वापस आ रहा है। 6 से 9 नवम्बर को होने वाला जशपुर जम्बूरी 2025 रोमांच, कला और सामुदायिक अनुभवों को और भी समृद्ध करेगा। रोमांचढ़ रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, ज़िपलाइन, ट्रेकिंग, मयाली डैम पर वॉटर स्पोर्ट्स, पैरामोटर और हॉट एयर बलून से माधेश्वर पहाड़ों के दृश्य देखे जा सकेंगे। जनजातीय नृत्य (कर्मा, सरहुल), लोक संगीत, हस्तशिल्प कार्यशालाएँ (मिट्टी, बाँस, गोंदना कला, लकड़ी व लोहे की कारीगरी), लोकनाट्य और स्थानीय व्यंजन का भी अनुभव मिलेगा। ।पारंपरिक खेल, टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ और तारों भरे आसमान के नीचे अलाव की गर्माहट से लोगों के मन में आनंद की अनुभूति होगी। जशपुर जम्बूरी 2025 का उद्देश्य है प्रतिभागियों को प्रकृति, परंपरा और समुदाय की उस धारा से जोड़ना, जहाँ हर पल एक नई कहानी कहता है। कार्यकम में आभार व्यक्त डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा ने किया।

### डमरूधर की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्थलगांव पहुंचकर दिवंगत डमरूधर यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने उनके साथ बिताए गए अनमोल पलों एवं समाज उत्थान के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। कहा कि डमरूधर यादव मेरे बड़े भाई के समान थे, उनका सहयोग और आशीर्वाद मुझे सदैव से मिलता रहा था। इस अवसर पर विधायक गोमती साय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने भी दिवंगत स्व. यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्व. डमरूधर यादव ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पत्थलगांव के उपाध्यक्ष, कृषि उपज मंडी समिति पत्थलगांव के अध्यक्ष, जिला भूमि विकास बैंक रायगढ़ के अध्यक्ष और महाकुल समाज छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष के पद पर रहते हुए समाज की सेवा की।

### बगिया कैंप कार्यालय में सुनी जनता की समस्याएं



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अपने गृह ग्राम बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में आमजनों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके निराकरण के लिए तत्काल निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री से मिले और अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रस्तुत किया। कुछ मामलों में त्वरित समाधान के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। जनदर्शन में आए ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के समक्ष विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, जनसुविधाओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित मांगे और समस्याओं से संबंधित आवेदन आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मामले में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक आवेदक को समयबद्ध समाधान मिले। उन्होंने कहा कि सीएम कैंप कार्यालय में जनता अपनी बात निरूसंकोच रख सकती है।

### चयनित अग्निवीरों ने की मुलाकात



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बलरामपुर जिले से चयनित 26 अग्निवीरों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल आपके परिवार, गांव और जिले के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं को सेना में शामिल होकर देशसेवा करने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इस मौके पर पिंकू पैकरा, जिन्दल, विकाश पैकरा, प्रकाश सिंह, खेल साय, आर्यन, देव नंन्दन पन्ना, नरेन्द्र यादव, रंजीत केरकेट्टा, रमेश पैकरा प्रियांशु, सनोज, निकिता नरसिंह, शशि किरण, सोहन लाल, महेन्द्र पैकरा, मिथलेश पैकरा, छोंटू, बज्जू पैकरा, पंकज, विवेक पैकरा, विधायक पैकरा, किशुन पैकरा, सोभनाथ पैकरा, अमित कुजूर और एंजेल लकड़ा।

## किसान कॉल सेंटर का शुभारंभ



जिले के किसानों के हित में चलाई जाने वाले कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत आज किसान कॉल सेंटर एग्रीबिड और बाजार व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से क्यू आर कोड आधारित जी कॉम इंडिया का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अपने बगिया स्थित निज निवास कार्यालय से किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय, विधायक जशपुर रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पांच ग्रामों में होम स्टे की शुरुआत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले की खूबसूरत वादियों और पर्यटन क्षेत्रों को पूरी दुनिया में एक अलग पहचान दिलाने प्रयासरत है। इस कड़ी में आज मुख्यमंत्री के द्वारा कैंप कार्यालय से सामुदायिक पर्यटन के तहत जशपुर के पांच ग्रामों में होम स्टे की शुरुआत की गई। इस अवसर पर झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि होम-स्टे नीति के माध्यम से जिले में रोजगार का एक नया स्वरूप विकसित होगा। इससे जहां पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

## नई पीढ़ी ही रखेगी विज्ञाननिष्ठ समाज की नींव




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री बगिया कैम्प कार्यालय में जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (डवन) हस्तांतरित किया। इस समझौते का उद्देश्य जिले में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकास करना तथा उन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जोड़ना है।

इस पहल के अंतर्गत विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न अभिनव कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि विज्ञान भारती पूर्व से ही जिले में कई गतिविधियों में सहयोग कर रही है, जिनमें- “स्पेस ऑन व्हील” कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान का अनुभव कराना, विज्ञान क्लबों की स्थापना द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थी विज्ञान मंथन जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी की ओर प्रेरित करना शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि “यह समझौता जिले के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लैस नई पीढ़ी ही आत्मनिर्भर भारत और विज्ञाननिष्ठ समाज की नींव रखेगी जशपुर जिला प्रशासन एवं विज्ञान भारती का यह संयुक्त प्रयास न केवल विद्यालयी शिक्षा को सुदृढ़ करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार की दुनिया में नई उड़ान भी देगा। इस दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर, प्रांत सचिव विज्ञान भारती श्री वर प्रसाद ओला, प्रदेश संयोजक विद्यार्थी विज्ञान मंथन गौरव वर्मा, जिला संयोजक विद्यार्थी विज्ञान मंथन विवेक पाठक उपस्थित रहे।

### देव पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

## दादा-दादी, नाना-नानी ने याद किया अपना बचपन

**जशपुरनगर।** देव पब्लिक स्कूल में 13 सितंबर को 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' नर्सरी से पांचवी तक के सेक्शन ने बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया । यह विशेष अवसर विद्यार्थियों द्वारा अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति आदर और प्रेम व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया था। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों और विद्यार्थियों की कलाकृतियों से सुंदर रूप से सजाया गया था।




कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के डायरेक्टर श्री ओम प्रकाश सिंहा ,डायरेक्टर सुनीता सिन्हा मुख्य अतिथि लक्ष्मण प्रसाद तिवारी सेवा निवृत भारतीय वन सेवा के अधिकारी, उषा व्यास, आर्ची तिवारी, द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद स्कूल के प्राचार्य आशीष डेगवेकर ने अपने स्वागत भाषण में कहा, “बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं। उनके अनुभव और संस्कार हमें जीवन की सच्ची राह दिखाते हैं। इस दिन का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने जड़ों से जोड़ना है।”

छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। नृत्य, नाट्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। विशेष रूप से कक्षा 5वीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत डांस ने सभी दादा-दादी को अपने बचपन की याद दिला दी। वहीं, कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों ने पुराने फिल्मी गीतों पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कुछ दादा-दादी और नाना-नानियों ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए और बच्चों के साथ कुछ रोचक खेलों में भाग लिया। सभी दादी और नानी ने म्यूजिकल चेयर का लुत्फ उठाया वही सभी दादाजी ने बैलून गेम का आनंद लिया। विद्यालय द्वारा आयोजित ‘कार्यक्रम में एक बार सभी बुजुर्ग ने अपने जमाने को याद कर आज के दिन को खुलकर जिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए हुए कार्ड और उपहार अपने दादा-दादी को भेंट किए, जिसे पाकर बुजुर्गों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। विद्यालय की उप-प्राचार्य मालविका डेगवेकर ने कहा, “ऐसे आयोजन न सिर्फ बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, बल्कि बुजुर्गों को यह विश्वास दिलाते हैं कि वे हमारे समाज का अहम हिस्सा हैं। सभी कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर ओम प्रकाश सिन्हा डायरेक्टर सुनीता सिन्हा प्राचार्य आशीष देगवेकर उपप्राचार्य मालविका डेगवेकर एडमिनिस्ट्रेटिव उप प्राचार्य एरिक सोरेंग सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य एरिक सोरेंग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## लखनपुर-उदयपुर स्थित रेड़ नदी के घाटों पर सक्रिय हुए रेत तस्कर

**रजपुरीकला।** लखनपुर व उदयपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत तस्कर सक्रिय हो गए है। इन दिनों रेत माफियाओं के हौसले न सिर्फ काफी बुलंद हो गए है बल्कि पानी भरे नदी में धड़ल्ले से रेत का अवैध उत्खनन करने में लगे हुए है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीणों कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।



रेड नदी से लंबे समय से लगातार रेत का अवैध उत्खनन होने से रेड नदी का अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं अवैध उत्खनन के कारण सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है। लखनपुर एवं उदयपुर विकासखंड के मध्य बहने वाली रेड नदी के घाटों से बड़ी की संख्या में ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से हर रोज रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया रहा है। इन रेत को आसपास क्षेत्र के अलावा दूसरे जिलों में भी खपाया का काम पिछले कुछ माह से काफी बढ़ गया है। लखनपुर क्षेत्र के बगदरी घाट, तराजू घाट, घुमका, नवापारा, उदयपुर, देवगढ़ घाट और पटपरिया घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर बड़ी संख्या में ट्रक, ट्रैक्टर, मिनी ट्रक से परिवहन किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि तराजू घाट से बड़ी संख्या में बालू लोड वाहनों के आवागमन करने से ग्राम पंचायत की सड़क काफी जर्जर हो गई है। जबकि बीच बस्ती से गुजरी सड़क तथा बच्चों के खेलने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। गौरतलब है कि लखनपुर सहित आसपास क्षेत्र में कई छोटी-बड़ी नदियां व नाले है जहां बारिश के दिनों में काफी मात्रा में रेत दूसरे क्षेत्र से बहकर तट पर जमा होती है। ऐसे में रेत माफिया बरसात के समय और भी सक्रिय हो जाते है। एक तो बारिश में आवागमन बाधित होने तथा रेत की सप्लाई कम होने से इसके दाम में भी बढ़ोतरी हो जाती है। जिसका फायदा उठाने के लिए रेत माफिया अन्य मौसम की अपेक्षा बरसात में रेत के अच्छे दाम मिलने पर काफी सक्रिय हो जाते है।




# फवाद और वाणी की 'अबीर गुलाल' भारत में हो रही रिलीज

**मुंबई।** फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म 'अबीर गुलाल' पर खूब विवाद हुआ था। विवाद की वजह थी कि इसमें काम करने वाले पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान। बढ़ते विवाद को देखते हुए इस फिल्म को 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज किया गया है और अब यह फिल्म आखिरकार भारत में रिलीज होने जा रही है। इसी के साथ फिल्म 'अबीर गुलाल' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'अबीर गुलाल' को 26 सितंबर, 2025 को भारत में रिलीज किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, अबीर गुलाल 12 सितंबर को दुनियाभर में रिलीज हो गई है। इंडियन स्टोरीज लिमिटेड की टीम ने अब इसे भारत में रिलीज करने की योजना बनाई है।

लाइफ Style

# पूजा
## इन फिल्मों से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री पूजा हेगड़े साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी काम कर रही हैं। साल 2012 में तमिल फिल्म 'मुगामुदी' से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। उसके बाद साउथ की और भी कुछ फिल्मों में काम किया और फिर साल 2016 में ऋतिक रोशन की फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा।

पूजा की जोड़ी अब तक शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई अभिनेताओं के साथ बन चुकी है। पूजा जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और फिल्म के हीरो हैं वरुण धवन। फिल्म में वरुण की जोड़ी पूजा के साथ बनी हैं और अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में 'बीवी नंबर 1' के हिट गाने 'चुनरी चुनरी' का रिमिक्स भी देखने को मिलेगा। यह फिल्म 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। खबरें थीं कि पूजा को दुलकर सलमान की फिल्म में साइन किया गया है, जो 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' की सफलता का जश्न मना रहे हैं और अब निर्माताओं ने भी फिल्म में उनके नाम पर मोहर लगा दी है और पूजा का स्वागत किया है। डीक्यू41' में पूजा, दुलकर की प्रेमिका बनी हैं। फिल्म में पूजा की एंट्री से प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। उधर निर्माताओं का पूरा भरोसा है कि दुलकर-पूजा की जोड़ी धमाल मचा देगी। सुपरस्टार थलापति विजय पिछले चार दशकों से सिनेमा पर राज कर रहे हैं। अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्मों से विजय ने हमेशा से ही बड़े पर्दे पर तूफान लाया है।



हॉलीवुड मसाला




# चीनी अभिनेता नहीं रहे

**नई दिल्ली।** चीनी गायक, अभिनेता और मॉडल यू मेंगलोंग का निधन हो गया है। उन्होंने 37 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत बीजिंग स्थित एक इमारत से गिरने से हुई है। मेंगलोंग की प्रबंधन टीम ने अभिनेता के निधन की पुष्टि की है। साथ ही पुलिस ने इस घटना में किसी भी आपराधिक तत्वों के शामिल होने से इनकार किया है। टीम ने अपने बयान में लिखा, 'बेहद दुख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे प्रिय मेंगलोंग की 11 सितंबर को इमारत से गिरकर मृत्यु हो गई।



# 'छम्मक छल्लो' फेम सिंगर एकॉन को बड़ा झटका...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गायक एकॉन कुछ दिनों बाद ही अपनी 29वीं शादी सालगिरह मनाने वाले थे। अब उससे पहले ही उनकी पत्नी टोमेका थियम ने तलाक के लिए अर्जी दे दी है। पीपुल डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, थियम ने गायक एकॉन से तलाक मांगते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। उन्होंने अपने सेपरेशन की तारीख को 'टीबीडी' के रूप में अंकित किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि दोनों की एक 17 साल की बेटी जर्नी है। थियम ने बेटी जर्नी की जॉइंट कस्टडी की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि बेटी उनके साथ ही बनी रहे। हालांकि, एकॉन जब चाहें अपनी बेटी से मिल सकते हैं। उन्होंने अदालत से यह भी अनुरोध किया कि उन्हें गुजारे के लिए आर्थिक सहायता मिले पर एकॉन को किसी तरह की सहायता न दी जाए।



# अनुष्का ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी...

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी मौजूदा वक्त में फिल्म 'घाटी' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनकी यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है और यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब अनुष्का से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन निराश हो जाएंगे। दरअसल, अनुष्का ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर इसकी जानकारी दी है। अनुष्का ने लिखा, 'नीली रोशनी को मोमबत्ती की रोशनी में बदल रही हूं... कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर रहूंगी। बस दुनिया से फिर से जुड़ने की कोशिश कर रही हूं। स्क्रॉलिंग के अलावा उस जीवन में लौटना चाहती हूं, जहां से हम सबने शुरुआत की थी।




# 'टू मच विद काजोल...' का टीजर जारी

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के नए टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' की राह दर्शक लंबे समय से देख रहे हैं। खास बात यह है कि इस शो की मेजबानी की जिम्मेदारी काजोल और ट्विंकल खन्ना को सौंपी गई है। अब 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें काजोल और ट्विंकल की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह टॉक शो कब और कहां देख सकते हैं। काजोल और ट्विंकल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का प्रीमियर 25 सितंबर, 2025 से अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। प्राइम वीडियो ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'जब बुद्धि और नटखटपन मिलते हैं, तो नतीजा होता है टू मच। टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' में फिल्म जगत की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता..' ने फिर रचा इतिहास, 2 बार गिनीज बुक में भी दर्ज करा चुका नाम

**मुंबई।** जब भी टीवी के लोकप्रिय धारावाहिकों की बात होती है तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का जिक्र जरूर होता है। अपनी शुरुआत से ही से ये दर्शकों की पसंद रहा है। शो को लेकर चाहे कितना ही विवाद क्यों न होता रहे, लेकिन कोई शक नहीं कि इसकी टीम कमाल की है। अब इस शो ने एक और नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। ये टीवी की दुनिया का सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम बन गया है।

***4,500 एपिसोड से बना सबसे लंबा चलने वाला भारतीय सिटकॉम*** : साल 2008 में शुरू हुआ निर्माता असित मोदी का ये शो पिछले 17 सालों से लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो ने अपने 4,500 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। ये उपलब्धि न केवल भारत के सबसे लंबे समय तक चलने वाले सिटकॉम के रूप में शो की विरासत को आगे बढ़ाती है, बल्कि सालों से परिवार को एक साथ लाने वाली संस्कृति को भी और मजबूत करती है। ये शो पीढ़ी दर पीढ़ी दर्शकों को जोड़ रहा है।

***जश्न मनाने साथ आया शो का पूरा परिवार*** : इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का पूरा परिवार उन लोगों को सम्मानित करने के लिए एक साथ आया, जो शुरुआत से ही इस शो का हिस्सा रहे हैं। लेखकों से लेकर तकनीशियन, सेट डिजाइनर और प्रोडक्शन स्टाफ तक, जिन्होंने लगभग दो दशकों तक पर्दे के पीछे इसे शो की लोकप्रियता बरकरार रखने में अपना बड़ा योगदान दिया। असित ने इस खास मौके पर अपने शो की पूरी टीम के साथ केक काटा।

## 'बिग बॉस 19' में हुआ डबल धमाका

**मुंबई।** सलमान खान की मेजबानी वाले रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' के घर में बहस और टकराव का माहौल बना हुआ है। शो में पहले दिन से ही प्रतियोगियों के बीच



ड्रामा, तकरार और दोस्ती का तड़का देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलने वाले हैं। अब खबर आ रही है कि 'बिग बॉस 19' के घर में डबल एविक्शन हुआ है। 'बिग बॉस' के लाइव अपडेट्स देने वाले पेज पर बताया गया कि नगमा मिराजकर और नतालिया घर से बेघर कर दिया गया है। दोनों प्रतियोगियों को दर्शकों का सबसे कम प्यार मिला, जिसके चलते दोनों को शो से अलविदा कहना पड़ा। आवेज दरबार और मृदुल तिवारी के नाम भी नॉमिनेशन की सूची में शामिल थे। बता दें कि 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर जियो हॉटस्टार पर रात 9 बजे और कलर्स टीवी पर रात 10:30 बजे होता है।

# जुनैद और साई की फिल्म 'मेरे रहो' दिसंबर में होगी रिलीज...

**मुंबई।** आमिर खान एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मेरे रहो'। आमिर इस फिल्म का निर्माण मंसूर खान के साथ मिलकर करेंगे, वहीं फिल्म के निर्देशन की कमान सुनील पांडे ने संभाली है। 'मेरे रहो' के हीरो आमिर के बेटे जुनैद खान हैं। इसमें उनकी जोड़ी साई पल्लवी के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब 'मेरे रहो' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'मेरे रहो' को 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। पहले इस फिल्म का शीर्षक 'एक दिन' रखा गया था। खबर थी कि यह फिल्म 7 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी, लेकिन अब नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। आमिर और मंसूर की जोड़ी इस फिल्म से 17 साल बाद सिनेमा में वापसी कर रही है। दोनों मिलकर 'मेरे रहो' के प्रोडक्शन का काम संभालेंगे।



## साई की पहली हिंदी फिल्म होगी 'मेरे रहो'

साई इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने वाली हैं। अगर यह फिल्म इसी साल पर्दे पर आती है तो यह साई की पहली हिंदी फिल्म बन जाएगी। इसके बाद उन्हें रणबीर कपूर के साथ हिंदी फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में देखा जाएगा। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी। फिल्म का भाग दिवाली, 2026 में रिलीज किया जाएगा, वहीं फिल्म का दूसरा भाग ठीक एक बाद यानी 2027 में दिवाली के मौके पर ही दर्शकों के बीच आएगा।

# 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 को, शाहरुख समेत ये सितारे होंगे शामिल

***मुंबई।*** *राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों को लेकर सिनेमा प्रेमियों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। हर साल देश के चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों को ये पुरस्कार दिया जाता है। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा 1 अगस्त को हुई थी। इस साल शाहरुख खान से लेकर रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों ने ये पुरस्कार अपने नाम किया है। आइए जानें आखिर 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन कब और कहां होने वाला है।*



## शाहरुख और विक्रांत बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

शाहरुख ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया है। उन्हें उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। खास बात यह है कि 33 साल के लंबे करियर में यह शाहरुख का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। विक्रांत को भी उनकी सुपरहिट फिल्म '12वीं फेल'(2023) के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। उधर रानी को फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार देने का ऐलान किया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी

बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का आयोजन 23 सितंबर, 2025 को शाम 4 बजे होगा। हमेशा की तरह इस साल भी यह कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। शाहरुख, विक्रांत, रानी मुखर्जी, करण जौहर, विधु विनोद चोपड़ा, सुदीप्तो सेन, जानकी बोदीवाला, शिल्पा राव, वैभवी मर्चेंट और अन्य सितारे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी हस्तियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार प्रदान करेंगी।

## 'हनु-मान' फिल्म को आमजन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी

# 'मिराई' से धमाकेदार वापसी करने वाले तेजा सज्जा कौन हैं?

***मुंबई।*** *साउथ के अभिनेता तेजा सज्जा की 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 'हनु-मान' ने 350 करोड़ रुपये कमाकर बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठा दिया था। अब ऐसा ही तहलका मचा रही है तेजा की कम बजट में बनी शानदार वीएफएक्स वाली 'मिराई', जिसे देख लोग कह रहे हैं कि इसके टिकट पर खर्च किया गया एक-एक पैसा वसूल हो जाएगा। उधर फिल्म की जान तेजा के तो कहने ही क्या।*



## दो साल की उम्र में पहली बार की एक्टिंग

तेजा तेलुगू सिनेमा से जुड़े हुए हैं। 1995 में हैदराबाद में जन्में अभिनेता ने वहीं से पढ़ाई पूरी की है। नन्ही उम्र में ही उन्होंने अभिनय जगत में कदम रख दिया था। चिरंजीवी की फिल्म 'चूडालानी' से तेजा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और उस वक्त उनकी उम्र महज 2 साल थी। उन्होंने कई सफल फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें से ज्यादातर का निर्माण सी. अश्विनी दत्त द्वारा वैजयंती मूवीज के बैनर तले हुआ था।

## बतौर लीड हीरो ये थी पहली फिल्म

30 साल के तेजा दर्जनों तेलुगू फिल्मों का हिस्सा रह चुके हैं। हालांकि, साल 2021 में उन्हें लीड रोल वाली फिल्म मिली थी। फिल्म का नाम 'जॉम्बी रेड्डी' था। इसका निदेशन प्रशांत वर्मा ने किया था। हालांकि, इसके बाद भी उन्हें कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन साल 2024 में आई उनकी फिल्म 'हनु-मान' उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई, जिसने आते ही बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और ये ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## क्या 'हनु-मान' से बड़ा धमाका करेगी 'मिराई'?

अब तेजा की फिल्म 'मिराई' को देख बिल्कुल वैसा ही माहौल देखने को मिल रहा है, जैसा 'हनु-मान' के समय मिला था। चर्चा है कि ये पहले दिन की कमाई के मामले में 'हनु-मान' को भी पीछे छोड़ देगी। फिल्म में दानव और भगवान की लड़ाई दिखाई गई है। समीक्षकों और दर्शकों ने कहानी के साथ-साथ इसके वीएफएक्स को भी जबरदस्त बताया है। इसने एक बार फिर दर्शकों को राम नाम के जयकारे लगाने पर मजबूर कर दिया है।

## *बॉक्स ऑफिस पर खूब गरजी थी तेजा की 'हनु-मान'*

*दक्षिण भारतीय सिनेमा की फिल्म 'हनु-मान' के रिलीज से पहले तक कोई हवा नहीं थी, लेकिन जब फिल्म रिलीज हुई तो लोगों ने इसे जमकर पसंद किया। यही कारण है कि 40 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच दिया था। फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अपनी कला का जादू दिखाया और इस फिल्म को आम जन तक पहुंचाकर देशभर के दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी।*

## खबर संक्षेप

### पुसौर में ज्यादातर रजिस्ट्री शहरी क्षेत्र की

**पुसौर।** जनपद कार्यालय के पीछे स्थापित पुसौर रजिस्ट्री कार्यालय में स्थापना दिवस से अब तक लगभग 150 से अधिक रजिस्ट्री कार्य संपन्न होने की जानकारी सामने आई है। यहां कुल तीन कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनमें एक उप पंजीयक शामिल हैं। पूर्व में भूस्वामी और खरीददार सीधे दस्तावेज लेकर रजिस्ट्री करा लेते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया बदल चुकी है। अब जिस भूमि की रजिस्ट्री होती है उसका जियो टेक अनिवार्य रूप से किया जाता है। उसकी पुष्टि और लेन-देन के सत्यापन के बाद ही रजिस्ट्री कार्य संभव हो पाता है। इस बीच दस्तावेज लेखक कार्यालय के आसपास रहते हैं और लोगों से संपर्क कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हैं। जानकार बताते हैं कि जमीन के लेन-देन में अब केवल खरीदार–विक्रेता ही शामिल नहीं होते, बल्कि अन्य लोग भी सक्रिय रहते हैं, जो रजिस्ट्री कार्य को सुगम बनाने में मदद करते हैं और इसके एवज में अपना कमीशन लेते हैं। पहले जिले मुख्यालय में रजिस्ट्री कराने पर शुल्क की राशि अधिक वसूलने, रसीद कटाने और दस्तावेज लेखकों की मनमानी फीस जैसी शिकायतें आम थीं। हालांकि पुसौर कार्यालय में इस तरह की स्थिति खुलकर सामने नहीं आई है। कुछ लोगों का कहना है कि पुसौर रजिस्ट्री कार्यालय में कर्मचारियों का व्यवहार आम जनता के प्रति संतोषजनक नहीं है। साथ ही, उप पंजीयक की अनुपस्थिति में रजिस्ट्री कार्य रुक जाने की समस्या भी सामने आती है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### सम्पादिका यूनिवर्सिटी की सीनेट मेंबर नामित

**राउरकेला।** जिले और पश्चिम ओड़िशा के लिए गर्व का क्षण तब आया जब राउरकेला लॉ कॉलेज की प्राध्यापिका सुश्री सम्पादिका मोहन्ति को मधुसूदन लॉ यूनिवर्सिटी, कटक की सीनेट सदस्य के रूप में नामित किया गया। यह नियुक्ति उड़ीसा यूनिवर्सिटी एक्ट 9.1 एवं सूची क्रमांक 23 के तहत की गई है। इस नामांकन के साथ ही पश्चिम ओड़िशा क्षेत्र से एकमात्र प्रतिनिधित्व सुश्री मोहन्ति को प्राप्त हुआ है, जिससे क्षेत्रवासियों और विधि शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के वर्तमान एवं पूर्व छात्रों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। सुश्री मोहन्ति वर्तमान में राउरकेला लॉ कॉलेज में प्रोफेसर पद पर कार्यरत हैं। साथ ही वे राउरकेला की जुवेनाइल जेल में आईसीसी की सदस्य भी हैं।

### अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**जांजगीर-चांपा।** सारागांव सब स्टेशन में आने वाले दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। वहीं व्यवस्था सुधार को लेकर जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गौरतलब है कि सारागांव सब स्टेशन अंतर्गत दर्जनों गांव की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। वहीं इन गांवों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ गई है। गांव में बिजली गुल के कारण जहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। वहीं इलेक्ट्रानिक से संबंधित उपकरण भी संचालित नहीं हो पा रहे है। सितंबर महीने के दौरान उमस पड़ रही है। वहीं दोपहर के वक्त तेज धूप भी पड़ रही है। जिसके चलते ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस तरह की समस्या कमरीद, कोसमंदा, देवरी सारागांव, चोरिया, सरवानी, अमरूवा, मुड़पार, पचोरी, अफरीद, हथनेवरा सहित अन्य गांवों में देखने को मिल रही है।

## रायगढ़ स्टेशन पर यात्रियों की नहीं बुझ रही प्यास, भटक रहे रेलयात्री

# कायाकल्प का दर्द : रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर नलों से गायब पानी, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बिलासपुर ज़ोन का प्रमुख रेलवे स्टेशन रायगढ़ इन दिनों कायाकल्प योजना के अंतर्गत बड़े बदलावों से गुजर रहा है। स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का तेजी से काम चल रहा है। रेलवे प्रशासन का दावा है कि काम पूरा होने के बाद यह स्टेशन यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। लेकिन इन निर्माण कार्यों के बीच फिलहाल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे बड़ी समस्या प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर कई नलों मे पानी की कमी की है। यहाँ न तो नल काम कर रहे हैं और न ही वाटर कूलर, जिसकी वजह से यात्री परेशान हैं। यात्रियों को पीने के लिए पानी की बुनियादी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। नतीजतन, लोगों को मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। जिन यात्रियों के पास अतिरिक्त पैसे नहीं होते, वे कई बार पूरा सफर प्यासे ही करने को मजबूर हो जाते हैं। रेलवे के काम की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। अगर कोई यात्री पानी भरने के लिए प्लेटफॉर्म बदलता है तो ट्रेन छूटने का डर बना रहता है। इस वजह से हादसे की संभावना भी बढ़ जाती है।



निर्माण कार्य के चलते फिलहाल पानी की सुविधा प्रभावित हुई है। 16 सितंबर तक काम पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी। हालांकि कुछ नलों पर पानी की व्यवस्था पहले से ही शुरू कर दी गई है और जैसे ही सभी चार लाइन का काम पूरा होगा, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होने लगेगा।
**विजय कोरी, कामर्शियल इस्पेक्टर**

### नलों मे सुख रहे कपडे

प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 की हालत यह हो गई है कि जहाँ कभी यात्री लाइन लगाकर पानी पीते थे, वहीं अब सूखे पड़े नलों पर लोग कपड़े टांगकर सुखा रहे हैं। पानी की सप्लाई बंद होने से यात्रियों को प्यासा रहना पड़ रहा है और मजबूरी में उन्हें बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन से हर दिन कई यात्री अलग-अलग दिशाओं में सफर करते हैं। यह स्टेशन न केवल स्थानीय यात्रियों बल्कि आसपास के इलाकों के लोगों के लिए भी एक प्रमुख केंद्र है। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और भुवनेश्वर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के अलावा यहाँ से दैनिक यात्री गाड़ियाँ भी चलती हैं। ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का न होना यात्रियों के लिए और भी बड़ी समस्या है।

### भविष्य में ठीक होगा लेकिन वर्तमान से जूझ रहे यात्री

रायगढ़ रेलवे स्टेशन आने वाले दिनों में आधुनिक स्वरूप में यात्रियों के सामने होगा। लेकिन फिलहाल स्थिति अव्यवस्था और परेशानियों से भरी हुई है। प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर पानी की किल्लत यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। यदि रेलवे प्रशासन ने समय रहते अस्थायी कदम नहीं उठाए तो यह समस्या यात्रियों के लिए न केवल असुविधा बल्कि हादसे का कारण भी बन सकती है।

### कायाकल्प के चलते ठप हुई रेलवे स्टेशन में सुविधा

कायाकल्प योजना के तहत रायगढ़ स्टेशन पर वेटिंग रूम, शौचालय, लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएँ बनाई जानी हैं। रेलवे का कहना है कि काम पूरा होने के बाद यह स्टेशन यात्रियों के लिए और भी सुविधाजनक बन जाएगा। लेकिन वर्तमान स्थिति में निर्माण कार्यों के चलते यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्लेटफॉर्म पर गंदगी और अव्यवस्था बढ़ी है। पानी जैसी बुनियादी सुविधा पूरी तरह ठप हो गई है।

### यात्रियों की परेशानी और सुरक्षा पर खतरा

पानी की समस्या सबसे गंभीर है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद कठिन है। कई यात्री बताते हैं कि जब ट्रेन का समय नज़दीक होता है और वे पानी की तलाश में प्लेटफॉर्म बदलते हैं तो उन्हें ट्रेन छूटने का डर सताता है। जल्दबाजी में यात्री दौड़ते हैं, जिससे हादसे का खतरा भी बढ़ जाता है। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए हर दिन पानी खरीदना संभव नहीं है। पहले प्लेटफॉर्म पर नल और कूलर से आसानी से पानी मिल जाता था, लेकिन अब हालत बहुत खराब है। असुविधा झेलने के बावजूद उन्हें मजबूरन सफर करना पड़ रहा है।



# पुलिस कार्रवाई में अवैध शराब का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

थाना सरसींवा, भटगांव, चौकी बेलादुला और कनकबीरा पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम छिरचुआं के नाला किनारे अवैध महुआ शराब बनाने वाले गिरोह पर छापेमारी की। इस दौरान मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन आरोपी फरार होने में सफल हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक नीले रंग की 30 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक ड्रम में भरा 20 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब तथा दो सफेद रंग की 20-20 लीटर की प्लास्टिक जरीकेन में भरा 40 लीटर शराब जब्त किया। कुल 60 लीटर अवैध शराब की अनुमानित कीमत 12 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा शराब बनाने में उपयोग होने वाले 05 नग सिल्वर का हण्डा और दो नग सिल्वर पराई समेत पाइपनुमा उपकरण जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 4400 रुपए है। कुल मिलाकर 16,400 रुपए का सामान जब्त हुआ।

### गिरफ्तार आरोपी और फरार साथी

पकड़े गए आरोपियों की पहचान फगनू राम गोंड (34 वर्ष) पिता जगनथिया गोंड और प्रेमलाल गोंड (22 वर्ष) पिता भागीरथी गोंड, दोनों निवासी छिरचुआं थाना सरसींवा के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य आरोपी—बुधराम गोंड, सुन्दर गोंड और उत्तरा गोंड फरार बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

# नेशनल लोक अदालत में 6.81 लाख प्रकरणों का निराकरण

■ 93 करोड़ से अधिक का हुआ सेटलमेंट, जमीन विवाद का भी समाधान

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन ने जिला न्यायालय परिसर स्थित सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी, पक्षकार एवं पैरालीगल वालंटियर्स मौजूद रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम एवं राजस्व न्यायालयों में 27 खण्डपीठों का गठन किया गया। इनके समक्ष कुल 7,01,628 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 6,81,568 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। इस प्रक्रिया में लगभग 93 करोड़ 02 लाख 32 हजार 24 रुपये का सेटलमेंट हुआ।

### जमीन विवाद का निपटारा

इस लोक अदालत के दौरान धरमजयगढ़ में एक महत्वपूर्ण जमीन विवाद का भी सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। सी.आई.एस. प्रकरण क्रमांक 254/2024 राज्य विरुद्ध विष्णु राठिया व अन्य में पक्षकारों ने राजीनामा आवेदन प्रस्तुत कर आपसी सहमति से विवाद का निपटारा किया। न्यायालय ने 13 सितम्बर को प्रकरण का निराकरण कर मामला समाप्त किया। यह प्रकरण तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ की अध्यक्ष प्रिया रजक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ और लोक अदालत की सफल कहानियों में एक मिसाल बन गया।

## घरघोड़ा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को घरघोड़ा न्यायालय में किया गया। इस दौरान 549 नियमित प्रकरण और 3,60,316 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिससे लाभार्थियों को 59.91 करोड़ की राशि मिली। विशेष रूप से दंपत्ति विवाद के एक मामले में पति-पत्नी को समझाईश देकर राजीनामा कराया गया और वे पुनः साथ रहने तैयार हुए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। आयोजन में अधिवक्ता, कर्मचारी व पैरा लीगल वॉलिंटियर की अहम भागीदारी रही।

# पुसौर तहसील में थोक में निलंबन और तबादले, कामकाज ठप

**पुसौर।** पुसौर तहसील में पिछले एक-दो महीनों से प्रशासनिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। पहले यहां पदस्थ तहसीलदार निलंबित हुए, फिर नवपदस्थ तहसीलदार को भी सस्पेंड कर दिया गया। इसके अलावा दो रीडरों का निलंबन और दो लिपिकों के तबादले ने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

कार्यालय में पहले से ही स्टाफ की भारी कमी रही है। स्वीकृत पदों में 4 प्यून, 1 मालजमादार और 1 चौकीदार के विरुद्ध मात्र 1 प्यून पदस्थ है। तहसीलदार न्यायालय में एक कनिष्ठ लिपिक ही कार्यरत है, जबकि वरिष्ठ रीडर का पद रिक्त पड़ा है। नायब तहसीलदार न्यायालय शाखा में स्टाफ तो है लेकिन बरसात के मौसम में कार्यालय की छत से पानी टपकने से कामकाज प्रभावित होता है। जानकारी के अनुसार, भुइयां शाखा के लिपिक सहित कई कर्मचारियों का तबादला हो चुका है। वर्तमान में आवक-जावक शाखा का कार्य राठौर ही पिछले 10 वर्षों से अकेले संभाल रहे हैं। किसानों के धान पंजीयन का कार्य अगले महीने शुरू होना है। लेकिन स्टाफ की कमी से यह प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है, जिससे किसानों को गंभीर परेशानी उठानी पड़ सकती है।




■ स्टाफ की भारी कमी से किसानों और आम जनता को हो रही परेशानी

### कार्रवाई के पीछे उठ रहा सवाल

स्थानीय लोगों में यह चर्चा है कि आखिरकार इतनी बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों हुई? क्या केवल आंगनबाड़ी भवन तोड़ने के कारण सस्पेंशन किया गया या इसके पीछे कोई बड़ा मामला है। सूत्रों का कहना है कि वर्षों से यहां दस्तावेज हेरफेर का खेल चलता आ रहा है, जिसमें मनमाने लाभ लेकर काम निपटाए जाते रहे हैं।

### सुविधाओं का अभाव बरकार

कार्यालय भवन में शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। न कंप्यूटर डेटा बचाने के लिए इन्वर्टर है और न ही दस्तावेज तैयार करने वाली मशीनें ठीक हालत में हैं। इन सबके चलते यहां आने वाले आम नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को जल्द ही ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि कामकाज पटरी पर लौट सके।

# घरघोड़ा में नाबालिग चालकों की रफ्तार बनी जानलेवा

**घरघोड़ा।** नगर में इन दिनों नाबालिग चालकों की तेज रफ्तार आमजन के लिए खतरा बन गई है। हाल ही में हुए एक दर्दनाक हादसे में 8 वर्षीय बालक को तेज गति से बाइक चला रहे नाबालिग ने ठोकर मार दी, जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

घरघोड़ा की सड़कों पर आए दिन स्कूली ड्रेस में 13 से 16 साल तक के छात्र बाइक और स्कूटी 100 से 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ाते देखे जाते हैं। यह न केवल उनके जीवन के लिए खतरा है, बल्कि राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा भी खतरे में डाल रहा है। नगरवासियों का कहना है कि लगातार शिकायतों और घटनाओं के बावजूद प्रशासन और पुलिस बेपरवाह हैं। ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ रही हैं, पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं।



### नगर में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

लोगों ने मांग की है कि नगर के प्रमुख स्कूलों के सामने तुरंत स्पीड ब्रेकर बनाए जाएँ। साथ ही नाबालिग बच्चों के अभिभावकों पर सख्त कार्रवाई हो, क्योंकि नाबालिग को वाहन सौंपना सीधा कानून का उल्लंघन है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रशासन कड़ा कदम नहीं उठाता तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

# जंगली हाथी से युवक की बचाई जान, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ धरमजयगढ़ में हाथी मित्रदल की बहादुरी

वनमंडल धरमजयगढ़ के अंतर्गत छाल परिक्षेत्र में तैनात हाथी मित्रदल एवं वनकर्मियों ने अपनी तत्परता और साहस का परिचय देते हुए एक ग्रामीण युवक की जान बचाई। यह युवक जंगली हाथियों के झुंड से आमने-सामने आ गया था और उसकी जान पर बन आई थी।

वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार, 12 सितम्बर की रात हाथी मित्रदल एवं वनकर्मी एडूकला गांव से लोटान होकर गश्ती कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि घरघोड़ा परिक्षेत्र की ओर से 48 हाथियों का झुंड देउरमार में प्रवेश कर रहा है। सूचना मिलते ही दल तत्काल मौके पर पहुँचा। गाँव के लोग शोरगुल मचाकर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे थे। तभी अचानक झुंड में से एक उग्र नर हाथी ग्रामीणों की ओर दौड़ पड़ा। अफरा-तफरी के बीच पवन कुमार राठिया (21 वर्ष) निवासी देउरमार जमीन पर गिर पड़े और हाथी उनके बेहद करीब पहुँच गया। तभी हाथी मित्रदल ने बहादुरी दिखाते हुए वाहन का हूटर बजाकर हाथी का ध्यान भटकाया और उसे जंगल की ओर खदेड़ दिया। इसके बाद घायल युवक को शासकीय वाहन से रात लगभग 1 बजे पीएचसी छाल पहुँचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 13 सितम्बर की सुबह उन्हें बेहतर इलाज के लिए खरसिया रेफर किया गया।



### ग्रामीणों को चेतावनी

वन विभाग और हाथी मित्रदल लगातार ग्रामीणों से अपील कर रहे हैं कि हाथियों के नज़दीक न जाएँ और शोरगुल कर उन्हें भगाने की कोशिश न करें। हाथी मित्रदल ग्रामीणों को समय-समय पर जंगली हाथियों की गतिविधियों की जानकारी भी उपलब्ध कराता है।

### हमालपारा में बिजली विभाग की लापरवाही उपभोक्ता बेहाल

**खरसिया।** हमालपारा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बिजली की अंधेरगर्दी ने उपभोक्ताओं को परेशान कर रखा है। विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण यहां के उद्योगों और घरों में लगे मोटर कभी उल्टे तो कभी सीधे चल रहे हैं। सबमर्सिबल पंपों का भी यही हाल है, जिससे पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। उपभोक्ता दिनभर बिजली सप्लाई को सीधा करवाने के लिए मिस्त्री बुलाने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि जैसे ही उद्योगों का कामकाज शुरू होता है, तुरंत पता चलता है कि मोटर उल्टी दिशा में चल रही है। मजबूरी में काम रोककर मैकेनिक बुलाना पड़ता है। यही प्रक्रिया दिन में दो से तीन बार दोहरानी पड़ रही है। इससे न केवल उत्पादन प्रभावित हो रहा है बल्कि उपभोक्ताओं का कीमती समय और पैसा भी बर्बाद हो रहा है।




नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 03 अक्टूबर 2025, 09 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 15 जनवरी 2026 — 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.